राजस्थान में 'नकली स्टाम्प' को असली बताकर बिक्री, पुलिस थाने में पहुंचा मामला

Fake stamp Case: राजस्थान के झुंझनूं जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि स्टाम्प वेंडर ने उसे नकली स्टाम्प को असली बताकर बेच दिया। ऐसे में अब उसके मकानों का पट्टा रुक गया है। अब यह मामला पुलिस थाने में पहुंच गया है।

पूरा मामला बुहाना का बताया जा रहा है, जहां के एक पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बड़बर गांव के धर्मपाल नाम के शख्स ने बुहाना ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसके साथ धोखा हुआ है। पीड़ित ने बताया कि 2 दिसम्बर 2024 को वह अपने माकान का पट्टा बनवाने के लिए तहसील परिसर पहुंचा था.

Source: https://www.patrika.com/jhunjhunu-news/fake-stamps-sold-as-real-in-jhunjhunu-rajasthan-case-reaches-police-station-19590170